Title: Need for proper maintenance of big dams in Madhya Pradesh.

श्रीमती जयश्री बैनर्जी (जबलपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहती हूं कि राट्रीय स्तर पर जितने बड़े-बड़े डैम हैं, उनसे बहुत खतरा है। मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी के तट पर जो बरजी बांध है, वहां पर नहर के डमी गेट निकल जाने के दौरान उसमें आई गड़बड़ी के कारण अचानक पानी फूट पड़ा, जिसके कारण वहां सहायक समेत दो लोगों की मौत हो गई। इससे वहां चारों तरफ लोगों में भय व्याप्त है । अगर इसमें प्रदेश शासन से सहयोग लेकर काम नहीं किया गया तो आगे चलकर बहुत कठिनाई आने वाली है । वहां अर्थक्वेक का भी बहुत इफैक्ट होता है। इस बारे में न्यूजपेपर में भी आ चुका है । इस तरह के बहुत सारे डैम्स हमारे देश में हैं । इसलिए मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहती हूं कि वह इस ओर ध्यान दे और प्रदेश सरकार को कहे कि वह इस पर निगरानी रखकर जल्दी कार्य कराये ।